# कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

दिनाँक- 07-04-2025

पत्रांक- 915 / JJM / 109

## जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-29/03/2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता एवं जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी जिसमे अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण के साथ सभी AE/JE जल निगम ग्रामीण,DPMU,ISA व दोनो फर्म वेलस्पन व VTL कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**समीक्षा बैठक में वेलस्पन एवं VTL कम्पनी के मैनेजर एवं अधिकारी/कर्मचारियों को निम्न निर्देश दिए गये-**

**1**. समीक्षा बैठक में पाया गया कि VTL कंपनी द्वारा 511 स्कीम के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 505 स्कीम में OP यूनिट का कार्य किया गया है तथा शेष 06 स्कीम पर आज तक OP यूनिट का कार्य अपूर्ण है। निर्देशित किया गया कि अवशेष स्कीम पर OP यूनिट का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।

**2**. शिरोपरी जलाशय में देखा गया कि VTL कंपनी द्वारा 14 स्कीम पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में कंपनी के मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि बोरिंग फेल होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुयी है। कम्पनी के मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अवशेष शिरोपरी जलाशय का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जाय।

**3**. VTL कम्पनी द्वारा मात्र 14% हर घर जल सर्टिफिकेशन की उपलब्धि की गयी है जो बहुत कम है। इस सम्बन्ध में कम्पनी द्वारा अवगत कराया गया कि सचिव/प्रधान द्वारा हस्ताक्षर न करने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। कंपनी को निर्देशित किया गया कि जहाँ पर योजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उसकी सूची अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को उपलब्ध करायी जाय। तत्पश्चात अग्रिम बैठक में सम्बन्धित विभाग के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को बुलाकर हर घर जल सर्टिफिकेशन/O&M की कार्यवाही पूर्ण किया जाय।

**4**.समीक्षा बैठक में वेलस्पन कम्पनी द्वारा 62 OHT के सापेक्ष मात्र 19 OHT का कार्य पूर्ण किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया। जिसमें वेलस्पन कम्पनी मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि माह मई के अन्त तक 54 OHTका कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**5.** बैठक में निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन से सम्बन्धित उत्पन्न समस्यओं की सूची तैयार कर सम्बन्धित विभाग के अधिकारीयो को सूचित कर अगली बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

7/04/2025 ................................................................ 5/4/2025

अधिशाषी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिलापेय जल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिलापेय जल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1.अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
3. जिला विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगर को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिलापेय जल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

Scanned with OKEN Scanner